# चालू खाता घाटा

## प्रलिम्सि के लयि:

चालू खाता घाटा (CAD), राजकोषीय घाटा, सरकारी बजट, वदिशी मुद्रा भंडार

## मेन्स के लयि:

CAD से संबंधति मुद्दे, भारत में CAD की हालयि स्थति।

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में सरकार द्वारा जारी आँकड़ों से पता चलता है क**िजनवरी 2023 में भारत के नर्यात और आयात में क्रमशः 6.59% तथा 3.63% की कमी आई है,** हालाँकि ऐसे संकेत हैं कि बढ़ती मुद्रास्फीति एवं ब्याज दरों से उत्पन्न वैश्वकि मंदी के बावजूद देश क**ा चालू खाता घाटा (Current Account Deficit-CAD)** कम होगा।

- कमोडटिी की कीमतों में गरिावट, कामगारों के प्रेषण और सेवा नर्यात में वृद्धि तथा वदिशी नविशकों के बक्रिी दबाव में कमी से CAD में कमी आने की उम्मीद है।

## चालू खाता घाटा (Current Account Deficit- CAD):

- **परचिय:**
  - चालू खाता घाटा की स्थति तिब होती है जब कसी देश के **वस्तु और सेवाओं के आयात का मूल्य उसके नर्यात से अधकि होता है।**
  - CAD और **राजकोषीय घाटा** संयुक्त रूप से दोहरा घाटा हैं जो शेयर बाज़ार और नविशकों को प्रभावति कर सकते हैं।
    - **राजकोषीय घाटा सरकार के कुल व्यय और उसके कुल राजस्व (उधार को छोड़कर) के बीच का अंतर है।** यह उस धन के बराबर होता है जसि सरकार को उस वर्ष के दौरान **उधार लेने की आवश्यकता होती है।**
- **नहितािर्थ:**
  - चालू खाता घाटा महत्त्वपूर्ण होता है क्योंकि इसका प्रभाव **स्टॉक मार्केट**, **अर्थव्यवस्था** और **लोगों के नविश** पर पड़ता है।
  - **कम चालू खाता घाटा नविशकों के वश्विास में वृद्धि कर सकता है** और साथ ही देश की मुद्रा के प्रति विदिशी नविशकों को आकर्षति कर सकता है।
  - **चालू खाता अधशिष** दर्शाता है कि देश में पैसा आ रहा है, जो **वदिशी मुद्रा भंडार** और **स्थानीय मुद्रा के मूल्य को बढ़ा** सकता है।
- **भारत के CAD की हालयि स्थति:**
  - **वर्ष 2022-23 की पहली छमाही में CAD सकल घरेलू उत्पाद का 3.3%** था, लेकनि पहली छमाही के बाद **वस्तुओं की कीमतों और आयात में कमी के कारण स्थति में सुधार हुआ।**
- **अर्थव्यवस्था पर CAD का नकारात्मक प्रभाव:**
  - **कमज़ोर मुद्रा:** जब कसी देश का आयात उसके नर्यात से अधकि हो जाता है, तो यह उसकी **मुद्रा की मांग में कमी** का कारण बन सकता है, जसिसे मुद्रा मूल्य कमज़ोर (मूल्यह्रास) हो सकता है।
    - इससे **आयात अधकि महँगा हो सकता है**, जसि कारण मुद्रास्फीति उच्च और क्रय शक्ति निम्नि हो सकती है।
  - **ऋण संचयन:** यदि कोई देश वदिशी नविश के साथ अपने चालू खाता घाटे को वत्तिपोषति करने में असमर्थ है, तो उसे इस अंतर को पूरा करने के लयि उधार लेने की आवश्यकता पड़ सकती है।
  - इससे **ऋण के स्तर में वृद्धि हो सकती है, जो कि अर्थव्यवस्था के लयि अधकि हानकिारक है।**

## भारत चालू खाता घाटे को कैसे कम कर सकता है?

- **नर्यात को बढ़ावा:** CAD को कम करने के लयि नर्यात बढ़ाना सबसे प्रभावी तरीकों में से एक है।
  - सरकार नर्यात उन्मुख उद्योगों को प्रोत्साहन प्रदान कर सकती है, नर्यात प्रक्रयिाओं और नयिमों को सुव्यवस्थति कर सकती है तथा

अन्य देशों के साथ बेहतर व्यापार समझौतों पर बातचीत कर सकती है।

- **आयात प्रतिस्थापन को बढ़ावा देना:** वर्तमान में आयात की जा रही वस्तुओं के घरेलू उत्पादन को प्रोत्साहित करने से व्यापार घाटे को कम करने में मदद मिल सकती है।
  - यह **घरेलू निर्माताओं को प्रोत्साहन प्रदान करके** तथा **कुछ वस्तुओं पर टैरिफ या आयात शुल्क लगाकर** प्राप्त किया जा सकता है।
- **उत्पादकता और प्रतिस्पर्द्धात्मकता में सुधार:** घरेलू अर्थव्यवस्था की उत्पादकता एवं प्रतिस्पर्द्धात्मकता में सुधार से निर्यात बढ़ाने एवं व्यापार घाटे को कम करने में मदद मिल सकती है।
  - यह **बुनियादी ढाँचे, प्रौद्योगिकी और शिक्षा में निवेश** जैसे विभिन्न उपायों के माध्यम से प्राप्त किया जा सकता है।

## निष्कर्ष:

आयात में गिरावट के कारण **जनवरी 2023 में चालू खाता घाटे में कमी को विशेषज्ञों द्वारा सकारात्मक संकेत के रूप में देखा जा रहा है** , लेकिन देश के विदेशी खाते के बारे में चिंताओं को कम करने के लिये इसे अभी कई और महीनों तक बनाए रखने की आवश्यकता है। मुद्रा के मूल्य तथा अर्थव्यवस्था के समग्र स्वास्थ्य के लिये एक स्वस्थ CAD बनाए रखना महत्त्वपूर्ण है।

## UPSC सिविल सेवा, विगत वर्ष के प्रश्न

**प्रश्न. सरकार द्वारा की जाने वाली निम्नलिखित कार्यवाहियों पर विचार कीजिये: (2011)**

1. घरेलू मुद्रा का अवमूल्यन।
2. निर्यात सब्सिडी में कमी।
3. उपयुक्त नीतियों को अपनाना जो FDI और FII से अधिक धन आकर्षित करती हैं।

**उपर्युक्त में से कौन-सी कार्यवाही चालू खाता घाटे को कम करने में मदद कर सकती है?**

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 3
(d) केवल 1 और 3

**उत्तर: (d)**

---

**प्रश्न. भुगतान संतुलन के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सी मदों से चालू खाता बनता/गठित होता है? (2014)**

1. व्यापार का संतुलन
2. विदेशी संपत्ति
3. अदृश्य का संतुलन
4. विशेष रेखा-चित्र अधिकार

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

(a) केवल 1
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) केवल 1, 2 और 4

**उत्तर: (c)**

## [स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस]